दिनांक 16 अगस्त 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पुलिस ग्राउंड में मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के हाथों भिलाई निगम के 23 अधिकारी/कर्मचारियों को मिला सम्मान

भिलाई नगर/ कोरोना कॉल के दौरान अच्छे एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले भिलाई निगम के 23 अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस ग्राउंड में प्रदेश के परिवहन , आवास एवं पर्यावरण , वन व जलवायु परिवर्तन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने सम्मानित किया ! कोविड- 19 महामारी के दौर में अपने जोन में नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने टीम भावना से कार्य करने के लिए तत्कालीन जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि , जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, प्रीति सिंह एवं अमिताभ शर्मा, चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल अस्पताल कचांदूर में अस्पताल की व्यवस्था एवं टीकाकरण कार्य के लिए स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, कोविड-19 के रोकथाम के लिए साफ-सफाई , कंटेनमेंट जोन एवं सैनिटाइजर कार्य के लिए जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीके सैमुअल, आर. पी. तिवारी, महेश पांडे एवं यशवंत, चंदूलाल चंद्राकर कचांदूर में अतिसंक्रमण काल में प्रातः कालीन , संध्याकालीन तथा रात्रिकालीन सेवा के लिए हिमांशु देशमुख भवन अधिकारी, विनीता वर्मा सहायक अभियंता, पुरुषोत्तम सिन्हा उप अभियंता, अर्पित बंजारे उप अभियंता, जयंत शर्मा उप अभियंता , नितेश मेश्राम उप अभियंता एवं सिद्धार्थ साहू उप अभियंता , मुक्तिधाम में 24 घंटे सेवा देने वाले कृष्णा देशमुख, संक्रमित व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने एवं मृत व्यक्तियों को प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार हेतु सेवा देने वाले दिनेश वर्मा वाहन चालक , शंभूलाल वाहन चालक एवं बाबा मियां वाहन चालक को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने सम्मानित किया!

पूरे कोरोना कॉल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया अच्छा काम , मिला सम्मान, स्वास्थ्य अधिकारी अपनी टीम के साथ निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी से मिले पूरे कोरोना कॉल में स्वच्छता के क्षेत्र में भिलाई निगम ने शानदार काम किया है! घरों से कचरा कलेक्शन से लेकर अन्य कार्यों में भी उत्कृष्ट कार्य किया है! स्वच्छता विभाग के ज्यादातर कर्मचारियों को आज माननीय मंत्री जी ने सम्मानित किया! स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली तथा इनकी टीम को सम्मानित किए जाने के बाद इन्होंने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर स्वास्थ्य विभाग को सम्मान समर्पित किया! निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की! स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि मुझे मिला हुआ सम्मान 1600 सफाई कर्मियों को समर्पित है! जिन्होंने कोरोना की रोकथाम एवं नियंत्रण में अपनी महती जिम्मेदारी निभाई है!